# O.P.JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## PRE – BOARD – II (2025-26)

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Please check that this question paper contains **34** questions.
- Please write down the serial number of the question in the answer book before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read the question paper. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer book during this period.

**विषय: अर्थशास्त्र (030)**

CLASS - XII

**Subject: Economics (030)**

(SET- B)

समय: 3:00 घंटे | अधिकतम अंक: 80 अंक

**Time: 3:00 Hours** | **Maximum Marks: 80 Marks**

<u>**सामान्य निर्देश:**</u>

(1) इस प्रश्न पत्र के दो खण्ड है:-
**खण्ड-अ (परिचयात्मक समष्टि अर्थशास्त्र)** **खण्ड-ब (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)**

(2) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न करना अनिवार्य है | यद्यपि कुछ प्रश्नों में आन्तरिक चयन प्रदान किया गया है | प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने अंकित है |

(3) प्रश्न संख्या **1** से **10** एवं **18** से **27** तक के सभी **एक-एक** अंक के अति लघूत्तरात्मक बहुविकल्पीय / प्रश्न है | इन प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए |

(4) प्रश्न संख्या **11** से **12** एवं **28** से **29** तक के सभी प्रश्न लघूत्तरात्मक प्रश्न है, जो कि **तीन-तीन** अंक के है | इन प्रश्नों के उत्तर **60-80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए|

(5) प्रश्न संख्या **13** से **15** एवं **30** से **32** तक के सभी प्रश्न भी लघूत्तरात्मक प्रश्न है, जो कि **चार चार**-अंक के है | इन प्रश्नों के उत्तर **80-100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए|

(6) प्रश्न संख्या **16** से **17** एवं **33** से **34** तक के सभी प्रश्न दीर्घ-उत्तरात्मक प्रश्न है, जो कि **छह छह**-अंक के है | इन प्रश्नों के उत्तर **100-150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए |

(7) सभी प्रश्नों के उत्तर यथा सम्भव प्रदत्त शब्द सीमा को ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त तथ्यात्मक एवं सटीक होने चाहिए |

(8) **इस प्रश्न पत्र को पढ़ने हेतु पंद्रह (15) मिनट का अतिरिक्त समय आवंटित किया गया है |**

<u>**General Instructions:**</u>

(1) This question paper contains two sections:
**Section–A (Introductory Macro Economics)**
**Section–B (Indian Economic Development)**

(2) All questions in both the sections are compulsory. However, there is internal choice in some questions. Marks for questions are indicated against each question.

(3) Question number **1 –10** and **18 – 27** are very short-answer / multiple choice questions carrying 1 mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.

(4) Question number **11 – 12** and **28 – 29** are short-answer questions carrying 3 marks each. Answers to them should normally not exceed **60-80** words each.

(5) Question number **13 – 15** and **30 – 32** are also short-answer questions carrying 4 marks each. Answers to them should normally not exceed **80-100** words each.


(6) Question number **16 – 17** and **33 – 34** are long-answer questions carrying 6 marks each. Answers to them should normally not exceed **100-150** words each.

(7) Answer should be brief and to the point and the word limit be adhered to as far as possible.

(8) **An additional 15 minutes has been allotted to read the question paper.**

| प्रश्न सं. Q.No. | खंड (अ) परिचयात्मक समष्टि अर्थशास्त्र Section-(A) Introductory Macroeconomics | अंक Marks |
|---|---|---|

1 निम्न चित्र के संदर्भ में, बिंदु E पर निम्नलिखित में से कौन-सा सही है? (सही विकल्प का चयन कीजिए) 1





A. उपभोग वक्र का ढाल = 0

B. औसत उपभोग प्रवृत्ति = 0

C. बचत वक्र का ढाल = 1

D. औसत उपभोग प्रवृत्ति = 1

With reference to the given diagram, which of the following is true at point E? (Choose the correct option)




A. Slope of Consumption Curve = 0

B. Average Propensity to Consume=0

C. Slope of Saving Curve = 1

D. Average Propensity to Consume=1

2 **"चालू कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2024-25 में ₹ 324.00 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। उसी वर्ष के लिए जीडीपी डिफ्लेटर 160 है।" स्रोत:** भारत का आर्थिक सर्वेक्षण 1

उपरोक्त आंकड़ों के आधार पर, **वास्तविक जीडीपी** का मूल्य _____ होगा।

(रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए)

A. ₹ 202.50 लाख करोड़

B. ₹ 210.00 लाख करोड़

C. ₹ 216.00 लाख करोड़

D. ₹ 180.00 लाख करोड़

**"The Nominal Gross Domestic Product (GDP) is estimated to stand at ₹ 324.00 lakh crore in the year 2024-25. The GDP deflator for the same year is 160." Source:** *Economic Survey of India*

On the basis of the given data, the value of **Real GDP** would be ______.

(Choose the correct option to fill up the blank)

A. ₹ 202.50 lakh crore

B. ₹ 210.00 lakh crore

C. ₹ 216.00 lakh crore

D. ₹ 180.00 lakh crore

3 **"सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें मुद्रा के रूप में व्यक्त की जाती हैं, जो उनके मूल्यों की तुलना करने में मदद करती है।"** 1

उपर्युक्त कथन में संकेतित मुद्रा के कार्य की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. विनिमय का माध्यम

B. मूल्य का माप

C. मूल्य का संचय

D. स्थगित भुगतान का मानक

**"Prices of all goods and services are expressed in terms of money, which helps in comparing their values."**
Identify the function of money indicated in the aforesaid statement and choose the correct option.

A. Medium of Exchange
B. Unit of Account
C. Store of Value
D. Standard of Deferred Payments

4 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : 1

**कथन 1**: मुद्रा का अभिमूल्यन तब होता है जब तैरती विनिमय दर प्रणाली के तहत घरेलू मुद्रा का मूल्य विदेशी मुद्रा के संदर्भ में बढ़ जाता है।
**कथन 2**: मुद्रा का मूल्य ह्रास तब होता है जब सरकार स्थिर विनिमय दर प्रणाली के तहत अपनी मुद्रा के मूल्य को आधिकारिक रूप से कम कर देती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

A. कथन 1 सही है और कथन 2 गलत है।
B. कथन 1 गलत है और कथन 2 सही है।
C. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
D. कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत हैं।

Read the following statements carefully:

**Statement 1:** Appreciation of currency occurs when the value of domestic currency rises in terms of foreign currency under the Floating Exchange Rate System.
**Statement 2:** Depreciation of currency takes place when the government officially lowers the value of its currency under the Fixed Exchange Rate System.
In light of the given statements, choose the correct option from the following:

A. Statement 1 is true and Statement 2 is false.
B. Statement 1 is false and Statement 2 is true.
C. Both Statements 1 and 2 are true.
D. Both Statements 1 and 2 are false.

5 एक सरलीकृत अर्थव्यवस्था में, फर्मों से गृहस्थ (household) तक वस्तुओं और सेवाओं का प्रवाह तथा गृहस्थ (household) से फर्मों तक उपभोग व्यय का प्रवाह _____ बाजार को दर्शाता है। 1

(रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए)

A. साधन
B. वस्तु
C. स्टॉक
D. वित्तीय

In a simplified economy, the flow of goods and services from Firms to Households and the flow of consumption expenditure from Households to Firms represent the ______ Market.

(Choose the correct option to fill up the blank)

A. Factor
B. Goods
C. Stock
D. Financial

6 मुद्रास्फीतिक अंतराल उस अंतराल को संदर्भित करता है जिसके द्वारा __________ पूर्ण रोजगार संतुलन स्थापित करने के लिए आवश्यक समग्र मांग से अधिक हो जाती है। 1

(रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए)

A. पूर्व-निर्धारित समग्र मांग
B. वास्तविक समग्र मांग
C. पूर्व-निर्धारित समग्र पूर्ति
D. वास्तविक समग्र पूर्ति

Inflationary Gap refers to the gap by which ___________ exceeds the Aggregate Demand required to establish full employment equilibrium.

(Choose the correct option to fill up the blank)

A. ex-ante Aggregate Demand
B. ex-post Aggregate Demand
C. ex-ante Aggregate Supply
D. ex-post Aggregate Supply

7 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : 1

**कथन 1**: मध्यवर्ती वस्तुएं वे वस्तुएं हैं जो उत्पादन की प्रक्रिया में प्रयोग की जाती हैं।

**कथन 2**: दोहरे गणना से बचने के लिए मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य को अंतिम वस्तुओं के मूल्य में शामिल किया जाता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

A. कथन 1 सही है और कथन 2 गलत है।

B. कथन 1 गलत है और कथन 2 सही है।

C. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।

D. कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत हैं।

Read the following statements carefully:

**Statement 1:** Intermediate goods are those goods which are used in the process of production.
**Statement 2:** The value of intermediate goods is included in the value of final goods to avoid double counting.
In light of the given statements, choose the correct option from the following:

A. Statement 1 is true and Statement 2 is false.

B. Statement 1 is false and Statement 2 is true.

C. Both Statements 1 and 2 are true.

D. Both Statements 1 and 2 are false.

8 यदि विधिक रिजर्व अनुपात (LRR) 10% है, तो साख गुणक क्या होगा? 1

A. 2 B. 5 C. 10 D. 20

If the Legal Reserve Ratio (LRR) is 10%, what will be the credit multiplier?

A. 2 B. 5 C. 10 D. 20

9 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R)। निम्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

**अभिकथन (A)**: वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात किसी राष्ट्र के भुगतान संतुलन के चालू खाते में दर्ज किया जाता है।

**कारण (R)**: चालू खाते में वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार, साधन आय, और एक तरफा भुगतान शामिल होते हैं।

**विकल्प**:

A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

C. अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

D. अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

Read the following statements: Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below:

**Assertion (A):** Exports of goods and services are recorded in the Current Account of the Balance of Payments of a nation.
**Reason (R):** The Current Account includes trade in goods and services, factor income, and unilateral payments.
**Options:**

A. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

B. Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

C. Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

D. Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

10 भारत में मौद्रिक नीति का निर्माण और कार्यान्वयन _____ द्वारा किया जाता है। 1

A. वित्त मंत्रालय
B. नीति आयोग
C. भारतीय रिजर्व बैंक
D. भारतीय स्टेट बैंक

The monetary policy in India is formulated and implemented by________.

A. Ministry of Finance
B. NITI Aayog
C. Reserve Bank of India
D. State Bank of India

11 निम्नलिखित आकड़े 2024-25 के दौरान स्टील के उपकरण बनाने वाली एक फर्म से संबंधित है: 3

फर्म का साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वर्धित ($NVA_{FC}$) की गणना कीजिए।

| क्र. सं. | **विवरण** | **रकम ( ₹ करोड़ में)** |
|---|---|---|
| (i) | अंतिम वस्तुओ की बिक्री | 1500 |
| (ii) | निर्यात | 200 |
| (iii) | प्रारंभिक स्टॉक | 100 |
| (iv) | अंतिम स्टॉक | 150 |
| (v) | कच्चे माल की खरीद | 600 |
| (vi) | बिजली, ईंधन और अन्य मध्यवर्ती इनपुट | 200 |
| (vii) | मजदूरी और वेतन | 300 |
| (viii) | मूल्यह्रास | 50 |
| (ix) | अप्रत्यक्ष कर | 60 |
| (x) | अनुदान | 10 |

The following data relates to a firm producing steel equipment during 2024-25:
Calculate the **Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$)** of the firm.

| S.No. | **Particulars** | **Amount (₹in crore)** |
|---|---|---|
| (i) | Sales of finished goods | 1500 |
| (ii) | Exports | 200 |
| (iii) | Opening stock | 100 |
| (iv) | Closing stock | 150 |
| (v) | Purchases of raw materials | 600 |
| (vi) | Electricity, fuel, and other intermediate inputs | 200 |
| (vii) | Wages and salaries | 300 |
| (viii) | Depreciation | 50 |
| (ix) | Indirect taxes | 60 |
| (x) | Subsidies | 10 |

12(A) दी इकोनॉमिक टाइम्स में 26 दिसंबर, 2021 को प्रकाशित निम्नलिखित खबर के अनुसार: 3

**'भारतीय रिजर्व बैंक ने अत्यधिक तरलता को निकालने के लिए, पिछले चार हफ्तों में द्वितीयक बाजार में 8,710 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां बेची हैं।'**

भारतीय रिजर्व बैंक की इस प्रकार की कार्ययोजना के पीछे संभावित कारण और परिणामों की पहचान कीजिए।

As per the following news published in The Economic Times on 26th December, 2021: **'Reserve Bank of India has sold government securities worth ₹ 8,710 crore in the secondary market, over the last four weeks, to drain out excessive liquidity'.** Identify the likely cause and the consequences behind, this type of action plan of the Reserve Bank.

अथवा / OR

(B) **'रिजर्व अनुपात और साख सृजन विपरीत रूप से संबंधित हैं।'** क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? एक उपयुक्त संख्यात्मक उदाहरण के साथ अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए।

**'Reserve Ratio and Credit Creation are inversely related.'** Do you agree with the given statement? Justify your answer with a suitable numerical example.

13(A) श्री शंकर एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हैं। हर महीने, उन्हें अपनी एक संपत्ति से किराए की आय प्राप्त होती है। उन्होंने सावधि जमा में भी निवेश किया है, जो उन्हें ब्याज आय प्रदान करती है। कभी-कभी, उन्हें विदेश में रहने वाले उनके परिवार के सदस्यों से नकद हस्तांतरण प्राप्त होते हैं। 4

श्री शंकर की आय को साधन आय या हस्तांतरण आय के रूप में वर्गीकृत कीजिए, अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए।

Mr. Shankar is a retired government employee. Every month, he earns rental income from a property he owns. He has also invested in fixed deposit, which provide him with interest income. Occasionally, he receives cash transfers from his family members abroad. Classify, Mr. Shankar's income as factor income or transfer income, giving valid reasons in support of your answer.

अथवा / OR

(B) **"व्यय विधि के तहत, एक अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों द्वारा किए गए अंतिम व्यय को जोड़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मूल्य का अनुमान लगाया जा सकता है।"**

दिए गए कथन के आलोक में, किन्हीं दो क्षेत्रों द्वारा किए गए व्यय की व्याख्या कीजिए।

**"Under the Expenditure Method, the value of Gross Domestic Product (GDP) can be estimated by adding the final expenditure incurred by all the sectors of an economy."**


In the light of the given statement, explain the expenditure incurred by any two sectors.

14 **'विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) ने 2023-24 के दौरान 32.4 अरब अमेरिकी डॉलर के शुद्ध FPI प्रवाह के साथ तेजी देखी।'** 4

उपरोक्त लेन-देन को भुगतान संतुलन खाते के किस उप-खाते और किस ओर दर्ज किया जाएगा? इसका विदेश विनिमय दर पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**'Foreign Portfolio Investment (FPI) witnessed a sharp turnaround during 2023-24 with net FPI inflows of US$ 32.4 billion.'**

In which sub-account and on which side of the Balance of Payments account the above transaction will be recorded? What will be its impact on foreign exchange rate?

15 

4

उपरोक्त आरेख में दर्शाए गए मैक्रोइकॉनॉमिक मुद्दे को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा उठाए गए कोई दो उपाय बताइए।

Explain any two measures taken by the Central Bank to control the macroeconomic issue indicated in above diagram.

16(A) एक अर्थव्यवस्था में स्वायत्त निवेश 200 है और उपभोग C = 20 + 0.5Y है। क्या अर्थव्यवस्था 500 की आय स्तर पर संतुलन में है? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए। 3

In an economy the autonomous investment is 200 and the consumption is C=20+0.5Y. Is the economy in equilibrium at an income level 500? Justify your answer.

(B) एक अर्थव्यवस्था में स्वायत्त निवेश 50 है और सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0.6 है। यदि आय का संतुलन स्तर 500 है, तो स्वायत्त उपभोग 30 है। सही या गलत? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए। 3

In an economy the autonomous investment is 50 and the marginal propensity to consume is 0.6. If the equilibrium level of income is 500, then the autonomous consumption is 30. True or False? Justify your answer.

**अथवा / OR**

(C) पूर्व-निर्धारित बचत और वास्तविक बचत के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

Explain the distinction between ex-ante Saving and ex-post saving.

(D) एक अर्थव्यवस्था के बारे में निम्नलिखित आंकड़ों से, आय के इसके संतुलन स्तर की गणना कीजिए :

(i) स्वायत्त उपभोग = ₹ 200

(ii) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति = 0.9

(iii) निवेश = ₹ 1000

From the following data about an economy, calculate its equilibrium level of income

(i) Autonomous consumption = ₹ 200

(ii) Marginal Propensity to Consume = ₹0.9

(iii) Investment = ₹ 1000

17 निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-

**राजस्व प्राप्तियाँ**: वे प्राप्तियाँ हैं जो सरकार पर किसी दावे को जन्म नहीं देती हैं। इसलिए उन्हें गैर-प्रतिदेय कहा जाता है। वे कर और गैर-कर राजस्व में विभाजित हैं। कर राजस्व, राजस्व प्राप्तियों का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसे लंबे समय से प्रत्यक्ष कर (व्यक्तिगत आय कर) और फर्मों (निगम कर), और अप्रत्यक्ष कर जैसे उत्पाद शुल्क (देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं पर लगाए गए शुल्क), सीमा शुल्क (भारत में आयात और निर्यात की गई वस्तुओं पर लगाए गए कर) और सेवा कर में विभाजित किया गया है।

सरकार को ऋण के रूप में या अपनी संपत्तियों की बिक्री से भी धन प्राप्त होता है। ऋणों को उन एजेंसियों को वापस करना होगा जहाँ से उन्हें उधार लिया गया था। इस प्रकार वे दायित्व पैदा करते हैं। सरकारी संपत्तियों

की बिक्री, जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) में हिस्सेदारी की बिक्री, जिसे PSU विनिवेश कहा जाता है, सरकार की कुल वित्तीय संपत्तियों को कम करती है। सरकार की वे सभी प्राप्तियाँ जो दायित्व पैदा करती हैं या वित्तीय संपत्तियों को कम करती हैं, पूंजीगत प्राप्तियाँ कहलाती हैं।

यदि सरकार अपने एकत्रित राजस्व के बराबर व्यय करती है, तो इसे संतुलित बजट कहा जाता है। यदि उसे अधिक व्यय की आवश्यकता होती है, तो बजट को संतुलित रखने के लिए उसे करों के माध्यम से राशि बढ़ानी होगी। जब कर संग्रह आवश्यक व्यय से अधिक हो जाता है, तो बजट को अधिशेष में कहा जाता है। हालाँकि, सबसे आम स्थिति तब होती है जब व्यय राजस्व से अधिक हो जाता है। इस स्थिति में सरकार बजट घाटे को चलाती है।

उपरोक्त अनुच्छेद पर अपनी सामान्य समझ के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(I) राजस्व और पूंजीगत प्राप्तियों को परिभाषित कीजिए तथा प्रत्येक के दो उदाहरण दीजिए। 3

(II) उपरोक्त अनुच्छेद में उल्लेखित विभिन्न प्रकार के बजट की व्याख्या कीजिए। 3

Read the following passage carefully:

**Revenue receipts** are those receipts that do not lead to a claim on the government. They are therefore termed non-redeemable. They are divided into tax and non-tax revenues. Tax revenues, an important component of revenue receipts, have for long been divided into direct taxes (personal income tax) and firms (corporation tax), and indirect taxes like excise taxes (duties levied on goods produced within the country), customs duties (taxes imposed on goods imported into and exported out of India) and service tax1. Other direct taxes like wealth tax, gift tax and estate duty (now abolished) have never brought in large amount of revenue and thus have been referred to as 'paper taxes'. The government also receives money by way of loans or from the sale of its assets. Loans will have to be returned to the agencies from which they have been borrowed. Thus they create liability. Sale of government assets, like sale of shares in Public Sector Undertakings (PSUs) which is referred to as PSU disinvestment, reduce the total amount of financial assets of the government. All those receipts of the government which create liability or reduce financial assets are termed as capital receipts. When government takes fresh loans it will mean that in future these loans will have to be returned and interest will have to be paid on these loans. Similarly, when government sells an asset, then it means that in future its earnings from that asset, will disappear. Thus, these receipts can be debt creating or non-debt creating. The government may spend an amount equal to the revenue it collects. This is known as a balanced budget. If it needs to incur higher expenditure, it will have to raise the amount through taxes in order to keep the budget balanced. When tax collection exceeds the required expenditure, the budget is said to be in surplus. However, the most common feature is the situation when expenditure exceeds revenue. This is when the government runs a budget deficit.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions:

(I) Define Revenue and capital Receipts also give two example of each.

(II) Explain the different types of budget mentioned in above text.

## खंड (ब) भारतीय आर्थिक विकास

## Section-B Indian Economic Development

18 निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए : 1

**"सरकार ने मात्रात्मक प्रतिबंधों को कम करके और निर्यात-आयात प्रक्रियाओं को सरल बनाकर आयात और निर्यात को उदार बनाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देना, घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करना है।"**

उपर्युक्त सुधार जिस क्षेत्र में लागू किया गया था, उसकी पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. औद्योगिक
C. कर
B. वित्तीय
D. विदेश व्यापार

Read the following text carefully:

**"The Government has decided to liberalize imports and exports by reducing quantitative restrictions and simplifying export-import procedures. This is aimed at promoting international trade, enhancing competitiveness of domestic industries, and integrating India with the global economy."**

Identify the sector under which the aforesaid reform was introduced and choose the correct option.

A. Industrial
C. Tax
B. Financial
D. Foreign Trade

19 निम्न में से कौन-सा कथन स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर, भारत की जनसांख्यिकीय स्थितियों की विशेषताओ को दर्शाता है? 1

A. साक्षरता का निम्न स्तर, निम्न मृत्यु दर और उच्च जीवन प्रत्याशा।
B. साक्षरता का उच्च स्तर, उच्च मृत्यु दर और उच्च जीवन प्रत्याशा।
C. साक्षरता का निम्न स्तर, उच्च मृत्यु दर और उच्च जीवन प्रत्याशा।
D. साक्षरता का निम्न स्तर, उच्च मृत्यु दर और कम जीवन प्रत्याशा।

On the eve of Independence, India's demographic conditions was characterised by which of the following statement?

A. Low level of literacy, low mortality rates and high life expectancy.
B. High level of literacy, high mortality rates and high life expectancy.
C. Low level of literacy, high mortality rates and high life expectancy.
D. Low level of literacy, high mortality rates and low life expectancy.

20 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कृषि और ग्रामीण विकास राष्ट्रीय बैंक (NABARD) के सन्दर्भ में सही है? 1

A. यह ग्रामीण क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदान करने वाली संस्थाओं के लिए एक शीर्ष वित्त पोषण एजेंसी के रूप में कार्य करता है |
B. यह ऋण वितरण प्रणाली में सुधार करने के लिए उपयुक्त उपाय करता है |
C. (a) और (b) दोनों
D. इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the correct statement with respect to National Bank for Agricultural and Rural Development (NABARD)?

A. It serves as an apex funding agency for the institutions providing credit in rural areas.
B. It takes appropriate measures to improve the credit delivery system.
C. Both (a) and (b)
D. None of these

21 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए- अभिकथन (A) और कारण (R)। निम्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन कीजिए: 1

**अभिकथन (A)**: मानव पूंजी का उच्च स्तर न केवल उच्च अर्जन क्षमता का कारण है बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन करता है।

**कारण (R)**: यह एक व्यक्ति के सोचने के तरीके को बदल देता है और एक व्यक्ति को जानकारीपूर्ण व तर्कसंगत निर्णय लेने के योग्य बनाता है

**विकल्प:**

A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

C. अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।

D. अभिकथन (A) असत्य है लेकिन कारण (R) सत्य है।

Read the following statements-Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct alternatives given below:

**Assertion (A)**: High level of human capital implies not only high earning potential but also change in the social and economic outlook.

**Reason (R)**: It transforms the way of thinking and allows an individual to make well-informed and rational decisions.

**Alternatives:**

A. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

B. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

C. Assertion (A) is true but Reason (R) is false.

D. Assertion (A) is false but Reason (R) is true.

22 निम्न स्तम्भ अ का स्तम्भ ब में से सही मिलान कीजिए : 1

| | स्तभ अ | | स्तभ ब |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रशुल्क | (i) | विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि |
| (b) | कोटा | (ii) | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित करने वाली नीति |
| (c) | मेक इन इंडिया | (iii) | आयातित वस्तुओं पर कर |
| (d) | व्यापार नीति | (iv) | आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध |

**विकल्प:**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| B | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| C | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| D | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

Match the following columns:

| | Column A | | Column B |
|---|---|---|---|
| (a) | Tariff | (i) | Increase in manufacturing sector |
| (b) | Quota | (ii) | Policy governing international trade |
| (c) | Make in India | (iii) | Tax on imported goods |
| (d) | Trade policy | (iv) | Quantitative restrictions on import |

**Alternatives:**

(a) (b) (c) (d)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| A | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| B | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| C | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| D | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

23 बेरोजगारी को _____ प्रकार से परिभाषित किया गया है: 1

A. जनसंख्या का वह् वर्ग जो नियोजित होने में सक्षम नहीं है |

B. जनसंख्या का वह् वर्ग जो काम करने का इच्छुक है लेकिन रोजगार पाने में असमर्थ है |

C. जनसंख्या का वह् वर्ग जो नियोजित होने की प्रतीक्षा कर रहा है |

D. जनसंख्या का वह् भाग जो आवश्यक कौशल के बिना है |

Unemployment is defined as _______:

A. The section of the population that is not capable of being employed.

B. The section of population willing to work but unable to find employment.

C. The section of population that is waiting to be employed.

D. The section of population that are without the skills.

24 पर्यावरण का कार्य क्या नहीं है? 1

A. यह् संसाधनों की आपूर्ति करता है |

B. यह् अपशिष्ट को आत्मसात करता है |

C. यह् आनुवंशिक और जैव विविधता प्रदान करके जीवन को बनाए रखता है |

D. यह् ग्लोबल वार्मिंग का कारण है |

What is not a function of an environment?

A. It supplies resources.

B. It assimilates waste.

C. It sustains life by providing genetic and bio diversity.

D. It is cause of global warming.

25 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए – अभिकथन (A) और कारण (R)। निम्न विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन कीजिए: 1

**अभिकथन (A)**: ग्रामीण क्षेत्रों (शहरी क्षेत्रों की तुलना में) में महिलाओं के बीच उच्च रोजगार भारत में उच्च ग्रामीण मजदूरी दर को बताता है।

**कारण (R)**: ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिला कामगार अपने परिवारों के लिए आजीविका चलाने के लिए कम वेतन और कम उत्पादक नौकरी में लगी हुई हैं ।

A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

C. अभिकथन (A) सत्य है और कारण (R) असत्य हैं।

D. अभिकथन (A) असत्य है और कारण (R) सत्य हैं।

Read the following statement – Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct alternatives given below:

**Assertion (A)**: Higher employment among women in rural areas (compared to urban areas) suggests higher rural wage rate in India.

**Reason (R)**: The bulk of female workers in rural areas are engaged in low wage and less productive job just to make a living for their families.

A. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

B. Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

C. Assertion (A) is true and Reason (R) are false.

D. Assertion (A) is false and Reason (R) are true.

26 सूक्ष्म ऋण कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि: 1

(i) वे महिला सशक्तिकरण में मदद करते हैं |

(ii) वे औपचारिक ऋण प्रणाली की पहुंच बढ़ाते हैं |

(iii) ऋण रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है |

**विकल्प:**

A. (i) और (ii)

B. (i), (ii) और (iii)

C. (i) और (iii)

D. केवल (i)

Micro credit programmes play a crucial role in the development of rural economy because:

(i) They help in women empowerment

(ii) They increase the reach of formal credit system

(iii) Credit is made available at concessional rate of interest

**Alternative:**

A. (i) and (ii)

B. (i), (ii) and (iii)

C. (i) and (iii)

D. Only (i)

27 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : 1

**कथन 1**: ग्रेट लीप फॉरवर्ड (GLF) अभियान को गंभीर सूखा, रूस के साथ संघर्ष आदि जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।

**कथन 2**: कृषि सुधारों के तहत, कम्यून की भूमि व्यक्तिगत परिवारों को स्वामित्व के लिए आवंटित की गई थी, जिन्हें कर-बाद आय रखने की अनुमति दी गई थी।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

A. कथन 1 सही है और कथन 2 गलत है।

B. कथन 1 गलत है और कथन 2 सही है।

C. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।

D. कथन 1 और कथन 2 दोनों गलत हैं।

Read the following statements carefully:

**Statement 1**: Great Leap Forward (GLF) campaign met with many problems like severe drought, conflict with Russia etc.

**Statement 2**: Under agricultural reforms, commune lands were allocated to individual households for ownership, who were allowed to keep all post-tax income.

In light of the given statements, choose the correct option from the following:

A. Statement 1 is true and Statement 2 is false.

B. Statement 1 is false and Statement 2 is true.

C. Both Statements 1 and 2 are true.

D. Both Statements 1 and 2 are false.

28 चीन द्वारा अपने विकास के लिए अपनाई गई विकास रणनीतियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 3

Briefly explain the development strategies followed by China for its development.

29(A) कृषि विपणन से आप क्या समझते हैं? कृषि विपणन की क्या कमियाँ हैं? 1+2

What do you mean by Agricultural marketing? What are the drawbacks of agricultural marketing?

**अथवा / OR**

(B) अर्थव्यवस्था में अनौपचारिक और औपचारिक क्षेत्र के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

Distinguish between Informal and formal sector in the economy.

30(A) हरित क्रांति क्या है? इससे किसानों को क्या फायदा हुआ? किन्हीं दो बिन्दुओं को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। 1+1+2

What is Green Revolution? How did it benefit the farmers? Explain in brief any two points.

**अथवा / OR**

(B) **"ब्रिटिशों ने कई बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं शुरू कीं, जो कि मुख्य रूप से अपने स्वयं के स्वार्थी हितों से प्रेरित थीं"**। औपनिवेशिक सरकार द्वारा किए गए बुनियादी ढांचा विकास के पीछे कोई दो मुख्य कारणों को संक्षेप में समझाइए।

**"The British introduced many infrastructural development project, which was largely driven by its own self-serving interest"**. Briefly explain any two main causes behind the infrastructural development undertaken by the colonial government.

31(A) **"भारत कई क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक समूहों जैसे जी 20, सार्क, ब्रिक्स आदि का एक हिस्सा रहा है।"** 3


दिए गए कथन के आलोक में, क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक समूहों के महत्व को संक्षेप में समझाइए।

**"India has been a part of many regional and global economic groupings such as G20, SAARC, BRICS etc."** In the light of the given statement, briefly explain the importance of regional and global economic groupings.

(B) **'विशेष आर्थिक क्षेत्र'** को परिभाषित कीजिए। 1

Define **'Special Economic Zone'**.

32(A) 4



उपरोक्त चित्र में वर्णित कृषि विविधीकरण सतत आजीविका के लिए क्यों आवश्यक है?

Why agricultural diversification mention in above diagram is essential for sustainable livelihoods?

**अथवा / OR**

(B) भारत में कार्यबल के आकस्मिककरण और अनौपचारिकीकरण के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

Distinguish between Casualisation and Informalisation of workforce in India.

33 (A) भारत में 1991 की नई आर्थिक नीति की विवेचना कीजिए। भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए। 6

Describe the New Economic Policy of 1991 in India. Evaluate its impact on the Indian economy.

**अथवा / OR**

(B) **"सरकार ने 30 अप्रैल, 1956 को नीति का एक नया बयान जारी किया, जो औद्योगीकरण को गति देने में मदद करेगा और, विशेष रूप से, भारी उद्योगों और मशीन निर्माण उद्योगों का विकास करने, सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार करने और एक बड़े और बढ़ते सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए होगा"।** 3

**स्रोत**: http://164.100.161.239/plans/planrel/fiveyr/index2.html (योजना आयोग)

उपरोक्त अनुच्छेद पर अपनी सामान्य समझ के आलोक में, संशोधित नीति के तहत उद्योगों के वर्गीकरण पर टिप्पणी कीजिए।

**"Government made a fresh statement of policy on the 30th April, 1956 which will help speeding up industrialisation and, in particular, to develop heavy industries and machine making industries, to expand the public sector, and to build up a large and growing co-operative sector".**

**Source**: http://164.100.161.239/plans/planrel/fiveyr/index2.html (Planning Commission)

In the light of the given text and common understanding, comment upon the classification of industries under the revised policy.

(C) **"भारत में भूमि सीमा कानून के कार्यान्वयन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने इसकी प्रभावशीलता में बाधा उत्पन्न की।"** क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए। 3

**"The implementation of land ceiling legislation in India encountered several challenges that hindered its effectiveness."** Do you agree with the given statement? Give valid reasons in support of your answer.

Q.34 निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

मानव पूँजी (Human Capital) वह भंडार है जिसमें किसी देश के लोगों में निहित प्रतिभा, योग्यता, विशेषज्ञता, शिक्षा और ज्ञान शामिल होते हैं, जो किसी निश्चित समय पर उस राष्ट्र की उत्पादकता को दर्शाते हैं।अधिक मानव पूँजी उत्पन्न करने के लिए हमें मानव पूँजी में निवेश करना आवश्यक होता है।समय के साथ मानव पूँजी के भंडार में वृद्धि करने की प्रक्रिया को मानव पूँजी निर्माण (Human Capital Formation) कहा जाता है।किसी देश की उत्पादक कार्यशक्ति (productive workforce) को सुधारने और उसका आकार बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका शिक्षा पर व्यय करना है, जो मानव पूँजी निर्माण का एक प्रमुख स्रोत है।शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना ही अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति कहलाती है।यदि श्रमिक अस्वस्थ हैं या चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण काम से अनुपस्थित रहते हैं, तो इससे उत्पादकता घटती है और कार्यबल की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इसलिए, एक स्वस्थ व्यक्ति बीमार व्यक्ति की तुलना में अधिक GDP योगदान देता है।

कार्यस्थल पर प्रशिक्षण (On-the-job training) मानव पूँजी निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है क्योंकि प्रशिक्षण पर किए गए निवेश का प्रतिफल (return) श्रमिकों की बढ़ी हुई उत्पादकता के रूप में लागत से अधिक होता है।यह प्रशिक्षण कई तरीकों से दिया जा सकता है —

श्रमिकों को कंपनी में ही किसी योग्य व्यक्ति की देखरेख में प्रशिक्षित किया जा सकता है, या

श्रमिकों को कंपनी से बाहर प्रशिक्षण के लिए भेजा जा सकता है। लोग अक्सर बेहतर वेतन और रोजगार के अवसरों की तलाश में अपने मूल स्थान से प्रवासन (Migration) करते हैं। आर्थिक वृद्धि (Economic

Growth) का अर्थ है किसी देश की वास्तविक राष्ट्रीय आय (Real National Income) में वृद्धि होना।मानव पूँजी निर्माण किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके महत्व को दर्शाने वाले कुछ बिंदु इस प्रकार हैं —शिक्षा में निवेश के माध्यम से मानव पूँजी निर्माण से श्रमिकों की उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि होती है क्योंकि वे अधिक जागरूक और कुशल बनते हैं।व्यक्ति की शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास की डिग्री उसके जीवन की गुणवत्ता (quality of life) को निर्धारित करती है। भौतिक पूँजी (Physical Capital) का प्रभावी उपयोग – जो व्यक्ति अच्छी तरह प्रशिक्षित है और आवश्यक कौशल रखता है, वह उपकरणों और मशीनों को बेहतर तरीके से समझ और उपयोग कर सकता है।

उपरोक्त अनुच्छेद पर अपनी सामान्य समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(i) मानव पूँजी क्या है? 1

(ii) मानव पूँजी निर्माण क्या है? 1

(iii) मानव पूँजी निर्माण के स्रोत क्या हैं? 2

(iv) मानव पूँजी का महत्व क्या है? 2

Read the following text carefully:

Human Capital is the stock of talent, competence, expertise, education and knowledge embodied in a nation's people at some point in time. To produce more human capital from resources, we need to invest in human capital. The process of adding to the stock of human capital over time is known as Human Capital Formation. The most effective way to improve and enlarge the size of the nation's productive workforce is by spending on education which makes it a significant source of human capital formation. Complete physical, mental, and social well-being is a condition of being in good health. The quality of the manpower is negatively impacted by poor health and underemployment because sick workers who lack access to medical facilities are compelled to take time off of work which reduces productivity. Therefore, a healthy person makes a more substantial GDP contribution than a sick person. On-the-job training is an essential source of human capital formation as the return on investment in the form of increased labour productivity is greater than the cost. This can happen in several forms:

1-Workers may be trained in the firm under the supervision of a qualified worker, or 2-Workers can be sent off-campus for training.

People migrate in search of occupations that pay more than what they earn in their home places. Economic growth is defined as an increase in a country's real national income. Human capital formation is important for an economy. Some of the points that describe its importance are Human capital formation through education investment increases productivity and output by assuring workers are aware and skilled. The degree of education, health, and skill development of a person determines the quality of life. Effective use of Physical Capital: A person who is properly trained and has the necessary skills will have a better understanding of the physical tools and equipment, as well as the best methods to use them.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions:

(i) What is human capital?

(ii) What is human capital formation?

(iii) What are the sources of human capital formation?

(iv) What are the importance of human capital?